



# समेरिटंस की तुमसी रावत जिले में अव्वल

## कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98 .8 प्रतिशत



**नर्मदापुरम, 13 मई. सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए. परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है. विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 98.8 प्रतिशत रहा. विद्यालय की छात्रा तुमसी रावत ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया.**

विद्यालय से इस वर्ष परीक्षा में कुल 174 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 97 बालक और 77 बालिकाएं थीं. विद्यालय के मैथ्स संकाय से 51, बॉयोलॉजी से 21, कॉमर्स से 82, ह्यूमेनिटीस् संकाय से 20 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमें से 11 विद्यार्थियों ने परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए. जबकि 41 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए. विद्यालय के कुल 126 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 43 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए. जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, विद्यालय में विद्यार्थियों के आने का क्रम आरंभ हो गया. परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के चेहरे पर उल्लास स्पष्ट देखा जा सकता था. शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर खुशियां मनाई. विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की. डॉ शर्मा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के सतत परिश्रम और शिक्षकों के योग्य मार्गदर्शन को दिया.

### ये रहे टॉपर

ह्यूमेनिटी : तुमसी रावत - 96 प्रतिशत
नित्या तिवारी - 93 प्रतिशत
मैथ्य : रिद्धिमा रायकववार- 90 .2 प्रतिशत
हिमांषी परसाई - 89 .3 प्रतिशत
बॉयोलॉजी : हर्षिता रावत - 88 .2 प्रतिशत
अवनी गौर - 84 .6 प्रतिशत
कॉमर्स : अर्पित कुमार दुबे - 94 प्रतिशत
भूमिका शर्मा - 88 .8 प्रतिशत

### बायां के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

समेरिटंस स्कूल बायां के कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे. विद्यालय से परीक्षा में शामिल सभी 12 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की. विद्यालय के 9 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में और 3 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे. विद्यालय के छात्र सिद्ध दीवान ने कॉमर्स संकाय से सर्वाधिक 91 प्रतिशत अंक अर्जित करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. जबकि विज्ञान संकाय की छात्रा मधु जाट ने सर्वाधिक 79 प्रतिशत अंक अर्जित किए. संस्था की प्राचार्य अपर्णा तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके परिश्रम को देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने शिक्षकों की भी प्रषंसा की. उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन के मार्गदर्शन, शिक्षकों के कुशल शिक्षण और विद्यार्थियों के अभ्यास के चलते विद्यालय का परिणाम अपेक्षा के अनुरुप रहा है.

**ये रहे टॉपर**
कॉमर्स संकाय : सिद्ध दीवान - 91 प्रतिशत
विज्ञान संकाय : मधु जाट- 89 प्रतिशत

### स्प्रिंगडेल्स स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**नर्मदापुरम, 13 मई.** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल, नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा. कॉमर्स संकाय में अदिति राजपूत ने 88 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, प्रियांशी सराठे 86 .6% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं रक्षा यादव ने 78 .4% लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया. विज्ञान संकाय में प्रियांश गौर ने 88 .8 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा खुशी रावत ने 86 .6 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं श्रेया दुबे ने 80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया.




### सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

**इटारसी, 13 मई.** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा .प्राचार्य सिस्टर पुष्पा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी. प्रत्युषा पटेल 95 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहीं. द्वितीय स्थान पर नवदीप सिंह संधू एवं प्रांजुला शुक्ला ने संयुक्त रूप से 93 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए. वहीं तृतीय स्थान पर निहारिका सकतपुरिया ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित किए. विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम शानदार रहा तथा 130 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की. इस उत्कृष्ट परिणाम से विद्यालय में खुशी का माहौल है. प्राचार्या सिस्टर पुष्पा ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हो पाई है. विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की.



# तहसीलदार ने ठेकेदार और प्रबंधकों को फटकारा

**खरीदी केंद्र पर तुलाई में देरी पर किसानों ने किया हंगामा**

**इटारसी, 13 मई. क्षेत्र के गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्थाएं अब किसानों के सब्र का बांध तोड़ रही हैं. जमानी क्षेत्र स्थित एवरेस्ट वेयरहाउस पर तुलाई में देरी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर किसानों ने जमकर हंगामा किया. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं तहसीलदार सुनीता साहनी ने अव्यवस्थाओं पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए समिति प्रबंधकों और हम्माल ठेकेदारों को कड़ी फटकार लगाई.**

किसानों ने तहसीलदार के समक्ष अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि वे पिछले 3 से 4 दिनों से अपनी उपज लेकर केंद्रों पर खड़े हैं. किराए की ट्रॉलियां खड़ी होने के कारण किसानों पर आर्थिक भार बढ़ रहा है. भीषण गर्मी के बावजूद केंद्रों पर पीने के पानी और बैठने के लिए शेड तक की व्यवस्था नहीं है। शासन के निर्देशानुसार 6 कांटे चलने चाहिए, लेकिन मौके पर केवल 3 कांटे ही सक्रिय मिले, जिससे तुलाई की गति बेहद धीमी है.

**कांटों की संख्या बढ़ाने के निर्देश:** निरीक्षण के दौरान हम्मालों की कमी पाए जाने पर तहसीलदार ने ठेकेदार राजेश श्रीवास्तव को सख्त लहजे में चेतावनी दी. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तत्काल 40 हम्माल उपलब्ध कराए जाएं और कांटों की संख्या बढ़ाई जाए. तहसीलदार ने कहा कि सुबह 11 बजे कार्यालय खुलने के बावजूद शाम 4 बजे तुलाई शुरू होना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. तहसीलदार ने किसानों को सलाह दी है कि किसान अपनी स्लॉट तिथि से 2-3 दिन पहले केंद्र पहुंचें. यदि किसी केंद्र पर ज्यादा भीड़ है, तो किसान की सहमति से उसी दिन दूसरे केंद्र पर ट्रांसफर की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है. एक से अधिक ट्रॉली होने पर किसान समन्वय बनाकर तुलाई कराएं ताकि कतार सुचारू रहे.

**इनका कहना है**

कलेक्टर के आदेशानुसार खरीदी केंद्रों का रूटीन निरीक्षण किया जा रहा है. किसानों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि तुलाई कार्य में तेजी लाकर किसानों को जल्द राहत दी जाए.

**सुनीता साहनी,**
तहसीलदार, इटारसी

## आंगनवाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**हरदा.** महिला एवं बाल विकास विभाग की संभागीय संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी ने विकासखंड खिरकिया अंतर्गत संचालित सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र बारंगी, लोनी तथा खिरकिया शहरी क्षेत्र अंतर्गत राजीव वार्ड क्रमांक 10 एवं किराये के भवन में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र शिवाजी वार्ड क्रमांक 8 का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान श्रीमती त्रिपाठी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पोषण वाटिका, बच्चों के लिये संचालित गतिविधियों एवं समय सारणी अनुसार की जा रही शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया.

# जमीन खाली करने के नोटिस

**नर्मदापुरम, 13 मई. कृषि उपज मंडी परिसर की सरकारी जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है. प्रशासन ने मंडी क्षेत्र में वर्षों से बने अस्थायी मकानों और झुग्गियों को हटाने की तैयारी तेज कर दी है. मंगलवार की शाम राजस्व अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और रहवासियों को तीन दिन के भीतर स्थान खाली करने का नोटिस दिया. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी.**

कार्रवाई की सूचना मिलते ही वहां रह रहे परिवारों में चिंता बढ़ गई. लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और अचानक विस्थापन से उनके सामने रहने और रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा. प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से कुछ समय और बुनियादी सुविधाओं वाले पुनर्वास स्थल की मांग की है. उनका कहना है कि प्रस्तावित पुनर्वास क्षेत्र में अभी बिजली, पानी और सड़क जैसी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं. इसी बीच भूमि को लेकर नया विवाद भी सामने आया है. एक स्थानीय व्यक्ति ने जमीन पर अपना दावा जताते हुए सीमांकन और दस्तावेजों की जांच की मांग की. जिस पर तहसीलदार ने सभी दावे खारिज कर दिए. तहसीलदार सरिता मालवीय के अनुसार खसरा नंबर 146/1 और 151/1 मंडी के नाम दर्ज शासकीय भूमि है, जिस पर 10 से 12 परिवारों ने कब्जा कर रखा है. उक्त भूमि पर मंडी द्वारा पेट्रोल पंप का प्रस्ताव तैयार किया गया है.

### एक नजर में



### गुलशन महाराज का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

**बनखेड़ी.** ग्राम माल्हनवाड़ा में जमनी सरोवर प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के परम भक्त गुलशन महाराज (गुलशन भैया) का आगमन हुआ. उनके गांव पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को भगवान हनुमान जी की भक्ति, सेवा और जीवन में धर्म के महत्व के बारे में विस्तार से बताया .उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि हनुमान जी की सच्ची भक्ति से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और व्यक्ति को आत्मिक शांति प्राप्त होती है. उनके विचारों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए




### खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव का आयोजन

**हरदा , 13 मई.** खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. आयोजक भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय जेवल्या ने बताया कि हमारी पुरानी भारतीय राजस्थानी गैर संस्कृति जो पर्याय विलुप्त हो रही है, उसे खिलता कमल गैर महोत्सव द्वारा एक मंच प्रदान किया गया. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 6 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 3 टीम हरदा जिले से ओर तीन टीम देवास जिले से आई. जिसमें पहला इनाम 51,111 रुपए श्रीराम गैर मंडल मोहाई जागीर को दिया गया, दूसरा इनाम 31,111 रुपए श्री सरस्वती गैर मंडल पूरा-करताना को दिया गया, तीसरा इनाम 21,111 रुपए जय महावीर गैर मंडल किलोदा पी को दिया गया. चौथा इनाम 11,111 रुपए श्री राधा कृष्ण गैर मंडल सोमगांव को दिया गया. वहीं दो सात्वना पुरस्कार 5100 रुपए क्वाजा बाबा गैर मंडल बेड़ी को एवं 5100 रुपए श्री कृष्ण गैर मंडल अबगाव खुर्द को प्रदान किया गया. प्रतियोगिता रात 9बजे से सुबह 5 बजे तक चली फिर फाइनल मुकाबला हुआ. प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सतीश शर्मा खातेगांव ने निभाई. प्रतियोगिता में हज़ारों की संख्या में दर्शक शामिल हुए.

### बिजली कंपनी का आज से संपर्क अभियान शुरू

**नर्मदापुरम, 13 मई.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 14 मई से संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा. जिले में कलेक्टर सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस अभियान में उपभोक्ताओं को नए ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन सहित बिजली संबंधी कई सुविधाएं और शिकायतों का त्वरित समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा. अभियान के संबंध में कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं जिला अधिकारियों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई. अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जाएगा. अभियान के दौरान मात्र 5 रुपये में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पंप कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे.



## एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**इटारसी,13 मई. नीट परीक्षा में पेपर लीक के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने उग्र प्रदर्शन किया. बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भारत सरकार का पुतला दहन किया. छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है.**

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय ने केंद्र पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान में देश की शिक्षा नीति पूरी तरह चरमरा गई है. उन्होंने कहा, बड़े स्तर की राष्ट्रीय परीक्षाएं ऐन वक्त पर रद्द हो रही हैं, जिसका मुख्य कारण बार-बार होने वाले पेपर लीक हैं. केंद्र सरकार विफल है और उसे अपनी नाकामी स्वीकार करते हुए शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए.

जिलाध्यक्ष मयंक चौरे ने कहा कि पहले तो परीक्षाएं समय पर आयोजित नहीं होतीं और जब होती हैं, तो पेपर लीक के कारण उन्हें स्थगित करना पड़ता है. इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र की भाजपा सरकार की है. जिम्मेदार अधिकारी और मंत्री मौन हैं, जबकि लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है. पुतला दहन के दौरान पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, युवा विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, गोल्डी बैस, प्रज्ञान साहू, और नगर अध्यक्ष गोपाल नामदेव, नमन पटेल, चिन्मय नामदेव, हर्ष नामदेव, वरुण गोठी, कृष्णा, अंशुल गोस्वामी, यश जायसवाल, अमन प्रजापति, वंश गुर्जर, अनिकेत विश्वकर्मा, अनुराग मालवीय, सूरज सराठे, विशाल, अंकित और तनिष्क केवट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.

### सीईओ के निर्देश : जल गंगा संवर्धन में लक्ष्य पूर्ति करें

**हरदा, 13 मई.** सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन ने जिले के अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत समय सीमा में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है. बुधवार को आयोजित अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि जो विभाग तय लक्ष्य से पिछड़ रहे हैं, वह गंभीरता से कार्य करें एवं लक्ष्यानुरूप जल संरचनाओं का निर्माण कराएं.

### यात्रियों के लिए राहत बनी शीतल जल सेवा

**नर्मदापुरम, 13 मई.** गर्मी में यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब नर्मदापुरम रॉयल की सदस्याओं द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शीतल पेयजल का आयोजन किया गया. क्लब की सदस्य विनीति जैन ने बताया कि मानस सेवा सबसे बड़ा धर्म है.

# सब स्टेशन के सामने किया चक्काजाम

**पगढाल गांव में बिजली संकट से ग्रामीणों में रोष**

**सिवनी मालवा 13 मई. ग्राम पगढाल में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा. लगातार हो रही बिजली कटौती और अव्यवस्थित आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने पगढाल स्थित बिजली सब स्टेशन के सामने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान नर्मदापुरम-हरदा मुख्य मार्ग पर करीब दो से तीन घंटे तक यातायात प्रभावित रहा. प्रदर्शन के कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बदहाल है और दिनभर में कई बार बिजली बंद हो रही है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो गया है.**



किसानों ने बताया कि अनियमित बिजली सप्लाई के कारण सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं घरेलू कामकाज भी बाधित हो रहे हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया. इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया.

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा.नायब तहसीलदार वीएस सलामे एवं शिवपुर थाना प्रभारी के एल रजक ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया. अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि बिजली समस्या के समाधान के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा. अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया. हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा.

ग्रामीणों ने बताया कि पगढाल के अलावा अमलाडा, फरिदपुर, नवलगांव, बॉसनिया, बाबड़िया और रावनपीपल सहित कई गांव लंबे समय से बिजली संकट से जूझ रहे हैं. लगातार बढ़ रही गर्मी और बिजली की समस्या से लोगों में भारी आक्रोश बना हुआ है.

### एक शाम शनिदेव के नाम भजन संध्या 16 को

**इटारसी.** न्याय देवता शनिदेवजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा. प्रतिवर्षानुसार इस बार 28वें वर्ष में श्री समस्त शनि भक्तों द्वारा सब्जी बाजार स्थित शनि मंदिर परिसर में 16 मई को भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है. कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 5 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा. इसके पश्चात रात्रि 9 बजे से 'एक शाम शनिदेव के नाम' भजन संध्या आयोजित की जाएगी.भजनों की प्रस्तुति मां के बेटे जागरण समिति के कलाकारों द्वारा दी जाएगी.


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री राजकुमार जैन आत्मज श्री कपूरचंद जैन निवासी एफ-2 कावेरी स्टेट वार्ड नं0 11 न्यास कालोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का खुला आवासीय भूखण्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं0 101 शीट नं0 45 प्लाट नं0 2/12, 2/13, 2/14 में से सब प्लाट नं0 05 का कुल रकबा 30 गुणा 40= 1200 वर्गफुट जिसके पूर्व में विक्रेता का बचा रकबा सब प्लाट नं0 04 पश्चिम में आम रास्ता, उत्तर में आम रास्ता तथा दक्षिण में विक्रेता का बचा रकबा सब प्लाट नं0 06 स्थित पुराना वार्ड नं0 13 नया वार्ड नं0 15 इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम क्रय करने का अनुबंध किया है। उपरोक्त भूमि के अतिरिक्त मेरे पक्षकार में विक्रेता श्री ललित अग्रवाल आत्मज श्री गोपी लाल अग्रवाल निवासी 11 वीं लाइन इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का खुला आवासीय भूखण्ड परिवर्तित भूमि खसरा नं0 101 शीट नं0 45 प्लाट नं0 2/12, 2/13, 2/14 में से सब प्लाट नं0 01 में का कुल रकबा 20 गुणा 40 =800 वर्गफुट जिसके पूर्व में नाला पश्चिम में विक्रेता का बचा रकबा सब प्लाट नं0 04, उत्तर में आम रास्ता तथा दक्षिण में विक्रेता का बचा रकबा सब प्लाट नं0 02 स्थित पुराना वार्ड नं0 13 नया वार्ड नं0 15 इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम क्रय करने का अनुबंध किया है। यदि उपरोक्त वर्णित दोनों सम्पत्तियों के सम्पूर्ण या उसके किसी हिस्से / भाग से किसी भी शासकीय अर्द्ध शासकीय / व्यक्ति वित्तीय संस्था /बैंक / या अन्य किसी प्रकार का हित हक या उक्त सौदे पर कोई लेन देन हो अथवा उक्त सम्पत्ति कहीं भार / बंधक आदि हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री स्वयं के पक्ष में करा लेवेगा तथा उसके उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा / स्वत्व / आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और यह समझा जावेगा कि प्रकाशन में दी गई जानकारी सर्वसाधारण को स्वीकार है।
उपरोक्तानुसार सूचना प्राप्त करें ।

भवदीय
अखिलेश मिश्रा एडव्होकेट
कार्यालय/निवास 11 शान्ति नगर
आई.आई.टी. रोड नर्मदापुरम,
दूरभाष-- 9425043414, 9827444683


**सौगात** बैतूल की 3 तथा हरदा की 12 सड़कों के लिए 76 .31 करोड़ रुपए मंजूर

# केंद्रीय राज्यमंत्री उइके के प्रयासों से 15 सड़कों को मिली मंजूरी

**हरदा, 13 मई. क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके के निरंतर प्रयासों एवं प्रभावी अनुशंसा के परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 15 महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति प्राप्त हुई है. इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 76.31 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी तथा कुल 81.51 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण होगा. यह स्वीकृति केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जारी पत्र के माध्यम से प्रदान की गई है.**



स्वीकृत सड़कों में मुख्य रूप से बैतूल में 3 तथा हरदा जिले की बोरपानी से रातामाटी , राजाबरारी से मोहगांव टोला , गोहाटी से पाटियाकुंवा , महुखाल से कयारी, लोढ़ीढाना-कचनार रोड से देबरबंदी , बड़झिरी लाखदेह चुनही रोड से बापचा, बोथी से महूखाल, बडझिरी से लखा देह , बडझिरी लखादेह से चूर्णी, रहटगांव बोरपानी से गांगराढाना, मगरधा बढ़झिरी से बंशीपुरा तथा हरदा नर्मदापुरम रोड से पिपल्याकला सड़कें शामिल हैं.

उइके ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से वर्षों से मूलभूत सड़क सुविधा से वंचित ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा. किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा होगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक बेहतर आवागमन मिलेगा तथा ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की पहुंच और अधिक सशक्त होगी. उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के कारण मध्यप्रदेश सहित बैतूल-हरदा संसदीय क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं. जहां पहले ग्रामीण क्षेत्र विकास की मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करते थे, वहीं आज सड़क, रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार के क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन दिखाई दे रहा है. केन्द्रीय राज्य मंत्री उइके ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास हेतु इसी प्रकार निरंतर प्रयास जारी रहेंगे.